



# केंद्रीय राज्यमंत्री, बैतूल विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 20 जुलाई. केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके और प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने सतपाल आश्रम से इटारसी रोड तक बनने वाली सड़क, नाली और गेट निर्माण कार्य का रविवार को भूमिपूजन किया।**

**वार्डों में निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन**

**प्रदेशाध्यक्ष और केन्द्रीय राज्यमंत्री रहे मौजूद**

वर्षों से वार्डवासी इन विकास कार्यों की मांग कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि वार्ड में अब 48 लाख रुपए की लागत से सड़क, 38 लाख से नाली और 5 लाख रुपए से गेट का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए कि कार्य पूरी गुणवत्ता से हो और सड़क चौड़ी बनवाई जाए। साथ ही नालियों को पूरी तरह से कवर्ड करने की बात भी कही। भूमिपूजन के पश्चात अतिथियों ने सतपाल आश्रम पहुंचकर परिसर में पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान सतपालजी महाराज का पूजन और गुरुओं का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, सुधाकर पवार, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

**टांगा चौक, से न्यू बैतूल स्कूल तक बनेगी सीसी सड़क :** प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने जवाहर वार्ड के तांगा चौक, बाबू चौक से न्यू बैतूल स्कूल तक 2 करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का भूमि पूजन किया। उन्होंने कहा कि शहरवासियों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए तांगा स्टैंड, बाबू चौक, न्यू बैतूल स्कूल तक 2 करोड़ से अधिक लागत से सीसी रोड, कन्वर्ट रोड डिवाइडर, सेंट्रल लाइटिंग का निर्माण कार्य होगा। इस दौरान विधायक श्री खंडेलवाल ने गंज मंडी परिसर निर्माण का जिक्र करते हुए बताया कि तकनीकी कारणों और अधिक लागत के चलते कांप्लेक्स निर्माण रुका हुआ था। उन्होंने कहा कि कांप्लेक्स निर्माण के लिए टेंडर जारी हो चुके हैं। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद दुकानदारों को लागत मूल्य पर दुकानें और उनका मालिकाना हक मिलेगा।



### गंज को किया जाएगा व्यवस्थित

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि गंज क्षेत्र को विकसित कर पूरी तरह से व्यवस्थित किया जाएगा। आगामी समय में गंज में ओपन ऑडिटोरियम का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेंट्रल स्कूल से विजय भवन होते हुए बडोरा तक 60 फीट सड़क निर्माण प्रस्तावित किया गया है। सड़क के चौड़ीकरण होने से किसी भी दुकानदार का व्यवसाय प्रभावित न हो इसके लिए नगर पालिका द्वारा 5 वर्ष से व्यवसाय कर रहे दुकानदारों का सर्वे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में एक भी अतिक्रमण नहीं रहे, लेकिन एक भी अतिक्रमणकारी का व्यवसाय न जाए इसके लिए उन्हें स्थाई दुकान की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी।

### संयुक्त तहसील भवन का लोकार्पण, राजस्व सेवाएं होंगी सुगम

जिले में 6 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित संयुक्त तहसील भवन का लोकार्पण केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके एवं प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर दोनों जनप्रतिनिधियों ने नवीन भवन में स्थापित कार्यालयों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। नवनिर्मित भवन से आमजन को राजस्व सेवाओं का त्वरित और सुगम लाभ मिलेगा। लोकार्पण समारोह में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त मोहन नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, सुधाकर पवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया, एसडीएम मकसूद अहमद, तहसीलदार गोवर्धन पाठे समेत अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### मोहन परिहार बने किसान कांग्रेस के जिला संयोजक

**मुलताई।** नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन सिंह परिहार को अझील भारतीय किसान कांग्रेस का बैतूल जिला संयोजक नियुक्त किया है। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव राममोहन बरुआ द्वारा जारी पत्र में बताया राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन ख?गे एवं नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी, अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुखपाल सिंह खेरा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला के निर्देशन एवं प्रदेश अध्यक्ष किसान कांग्रेस धर्मेंद्र सिंह की अनुशंसा पर किसान न्याय योद्धा मोहनसिंह परिहार को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस मध्यप्रदेश जिला बैतूल का जिला संयोजक नियुक्त किया जाता है। उनकी नियुक्ति पर उन्हें कांग्रेसियों ने बधाई दी है।

### आदिवासी दिवस रैली में डीजे साउंड प्रतिबंध

**बैतूल।** समस्त आदिवासी समाज संगठन की बैठक पड़ापेन ठाना रैन बसेरा सदर बैतूल में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी सरवन सिंह मरकाम द्वारा की गई। समाज के सभी सगाजनों की सहमति से निर्णय लिया गया कि जिला मुख्यालय में 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर रैली निकाली जाएगी। यह रैली मार्ग पडापेन ठाना अंबडेकर चौक से रानी दुर्गावती प्रतिमा से होते हुए शिवाजी चौक होते हुए कलेक्ट्रेट से लल्ली चौक से बस स्टैंड से होते हुए आदिवासी सामुदायिक मंगल भवन में कार्यक्रम होगा। जिला मुख्यालय में विश्व आदिवासी दिवस की रैली में डीजे प्रतिबंध किया गया हैं। आदिवासी समाज के पारंपरिक वाद्य यंत्रों, ढोल, टिमकी, डंडार नृत्य, गायकी ढाटिया नृत्य का उपयोग किया जाएगा। विश्व आदिवासी दिवस पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालो का सम्मान किया जाएगा। खेल कूद, शिक्षा, कृषि, मुकद्दम/ पटेल,शासकीय सेवा में नियुक्त होने वाले अभ्यर्थियों सहित अन्य सभी क्षेत्रों में कार्य करने वालो का सम्मान किया जाएगा। 1 अगस्त से 9 अगस्त तक साप्ताहिक कार्यक्रम किये जाएंगे। एक पौधा पुरखो के नाम पर पौधरोपण किया जाएगा। 3 अगस्त को आदिवासी संस्कृति व इतिहास, त्यौहार महापुरुषों से सम्बंधित विषय पर आदिवासी ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी अंतूसिंह मर्सकोले, योगेश धुर्वे, अखिलेश कवड़े, सुनील सलामे, सोहनलाल धुर्वे, शंकर सिंह आहके, दिलीप धुर्वे सहित सामाजिक बन्धु उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा मंदिर में आज होगा महारुद्राभिषेक

**बैतूल।** बैतूल गंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर में आज सोमवार को शिवभक्तों के लिए विश्वकर्मा समाज समिति द्वारा सामूहिक महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया है। समाज के कार्यकारी अध्यक्ष हर्ष मालवी और सचिव शशिकांत मालवी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक व्यवस्था, पूजन सामग्री, पंडितों की व्यवस्था और श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित तैयारी कर ली गई है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा जिसमें पंडितों द्वारा वेद मंत्रों के साथ पूजन और महारुद्राभिषेक शुरू किया जाएगा। यह अनुष्ठान शाम 4 बजे तक चलेगा, जिसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी। समाज समिति ने समस्त धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं।

# 30 करोड़ से लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम का होगा कायाकल्प

**बैतूल। प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, शिक्षा विभाग की रिक्त भूमि और नेहरू युवा केंद्र का जायजा लिया।**

विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैतूल में हर खेल के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैदान तैयार किए जाएंगे। इन खेलों में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट और फुटबॉल शामिल हैं। इसके साथ ही फुटबॉल, हॉकी और क्रिकेट के लिए आधुनिक टर्फ ग्राउंड भी विकसित किए जाएंगे। 30 करोड़ की लागत से लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम का कायाकल्प किया जाएगा। विधायक श्री खंडेलवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैतूल जिले को खेलों का हब बनाने के लिए एक समग्र योजना तैयार की जाए, जिसमें सभी प्रमुख खेलों के लिए अलग-अलग ग्राउंड और सुविधाएं शामिल हों। लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में निरीक्षण के दौरान विधायक श्री खंडेलवाल ने क्रिकेट खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साथ फोटो भी ली। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं में अपार प्रतिभा है, जिसे निखारने के लिए उचित अधोसंरचना और संसाधनों की आवश्यकता है। हमारा उद्देश्य है कि बैतूल के खिलाड़ी किसी भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पीछे न रहें। उन्हें वही सुविधाएं मिलनी चाहिए जो महानगरों में खिलाड़ियों को मिलती हैं। प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक श्री खंडेलवाल ने जिला मुख्यालय स्थित पुलिस ग्राउंड का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक श्री खंडेलवाल ने पुलिस ग्राउंड में रबर ट्रैकिंग, लाइटिंग और बाउंड्री वॉल के रिनोवेशन के निर्देश दिए।



# पुलिस चौकी की मिली सौगात, हुआ भूमिपूजन

**बैतूल। जिले की ग्राम पंचायत कढ़ाई सोनाघाटी में रविवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पुलिस चौकी की स्थापना के लिए भूमि पूजन किया गया।**

इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने विधिवत पूजन-अर्चन कर भूमि पूजन संपन्न कराया। काफी समय से सोनाघाटी क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने के दृष्टिकोण से पुलिस चौकी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयासों से यह बहुप्रतीक्षित सौगात अब क्षेत्रवासियों को प्राप्त हुई है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, जिला योजना समिति के सदस्य सुधाकर पवार सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक निश्चल झरिया सहित पुलिस विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।



# विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से दिखाया नशा है मौत की सीढ़ी

**बैतूल।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में नशा मुक्ति की दिशा में विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से ऐसा प्रभावशाली संदेश दिया, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया, सामाजिक जिम्मेदारी का बोध भी कराया। नशे से दूरी, है जरूरी अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का प्रभावशाली आयोजन प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे और समन्वयक प्रो. शंकर सातनकर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नशे से दूरी, है जरूरी मिशन पर आधारित नुक्कड़ नाटक रहा, जिसका संयोजन डॉ. भोलू सिंह मर्सकोले ने किया। इस समिति में सदस्य के रूप में डॉ. दीपक मानकर एवं डॉ. राजकुमार चौकीकर की सक्रिय सहभागिता रही। नुक्कड़ नाटक के दल प्रमुख आकाश दुबे और रंजीत कासदे के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं की टीम ने अत्यंत प्रभावशाली प्रस्तुति दी। दल में कु. भाग्यश्री, विक्रम पहाड़े, नितिन पंवार, मयंक सोनपुरे, कु. गंगा, कु. निशु पंवार, कु. हेमा, रितिषा, कु. खुशबू एवं श्याम डायरे ने सहभागिता की।

# चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में युवती गिरी, मौत

**बैतूल। बैतूल रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक दर्दनाक हादसे में चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही युवती ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच गिर गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई, जबकि उसे बचाने की कोशिश में एक युवक घायल हो गया।**

जानकारी के अनुसार, मैसूर से जयपुर जा रही मैसूर-जयपुर एक्सप्रेस बैतूल रेलवे स्टेशन पर रुकी थी। ट्रेन के क्ष्ठ कोच में सफर कर रही जयपुर निवासी अमृता नायर, जो एक निजी नर्सिंग कॉलेज की सेकंड ईयर की छात्रा थी, स्टेशन पर पानी और चिप्स लेने के लिए नीचे उतरी थी। ट्रेन के रवाना होते ही अमृता ट्रेन की ओर भागी और चढ़ने की कोशिश की। इस दौरान कोच के दरवाज़े पर खड़े एक युवक ने उसे हाथ भी दिया, लेकिन संतुलन बिगड़ने के कारण वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फिसल गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसी समय उसे बचाने की कोशिश कर रहा युवक भी गिरकर घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रेन को करीब 27 मिनट तक बैतूल स्टेशन पर रोका गया। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, जबकि घायल युवक का इलाज भी अस्पताल में जारी है। अमृता की एक सहेली भी उसी कोच में सफर कर रही थी, जिसे हादसे के बाद गहरा सदमा पहुंचा है। जीआरपी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और परिजनों को सूचना दे दी गई है।



**बचाने वाले के सिर में भी आई चोटें**

**ट्रेन में चढ़ते समय हाथ फिसलने से हुआ हादसा**

# सर्वमंगल कावड़ यात्रा गेहूंबारसा से सालबर्डी के लिए रवाना

**मुलताई।** सर्व मंगल कावड यात्रा रविवार को गेंहूबारसा से हर हर महादेव एवं मां ताप्ती के जयकारों के साथ शिवधाम सालबर्डी के लिए रवाना हुई। यात्रा में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बबला शुक्ला,नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू,महामंत्री उपेंद्र पाठक,गगन साहू,युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे सहित बड़ी संख्या में कावड़िये शामिल है। सोमवार की सुबह कावड़ यात्रा शिवधाम की पहाड़िया चढकर भूयार में पहुंचेगी,जहां गुफा में विराजे स्वयंभू शिवलिंग का पूजन कर मां ताप्ती जल से अभिषेक करेगी।



# अवैध शराब पर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

**सारनी। वार्डवासियों ने सौंपा ज्ञापन शहर के वार्ड क्षेत्र में अवैध शराब व गांजा सेवन कर उपद्रव करने वालों के आतंक से आमजन जीवन अस्त-व्यस्त होता जा रहा है।**

गत रात हुई चोरी की घटना से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। महिलाओं का कहना है कि नशे में धुत उपद्रवी लोग गली-मोहल्लों में झगड़ा करते हैं, जिससे बच्चों और महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। इस संदर्भ में वार्ड पार्षद श्री धोटे और भाजपा नेता श्री संजय अग्रवाल के साथ वार्ड की अनेक महिलाओं ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने माँग की कि क्षेत्र में अवैध शराब व गांजा की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए एवं पुलिस गश्त बढ़ाई जाए ताकि नागरिकों को सुरक्षा का अहसास हो सके। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि समय रहते प्रशासन ने उचित कदम नहीं उठाया तो क्षेत्रवासियों को आंदोलन करने पर विवश होना पड़ेगा। इस अवसर पर वार्डवासी मौजूद रहे।



# दृष्टि वापसी का उपाय है मोतियाबिंद ऑपरेशन : वीके यादव

**सारनी।** युवा साहू समाज सेवा संगठन द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन सम्पन्न हुआ। युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल तथा चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घोड़ाडोंगरी में मोतियाबिंद जांच, परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 154 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 58 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। इन सभी रोगियों का ऑपरेशन भोपाल स्थित चिरायु मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में निःशुल्क किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ नेत्र चिकित्सा सहायक वी.के. यादव, गोपाल साहू, डॉ. अभिषेक कुशवाहा, एवं समाजसेवी डी.आर. साहू द्वारा माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। नेत्र चिकित्सा सहायक वी.के. यादव ने बताया कि दृष्टि वापस पाने का एकमात्र तरीका मोतियाबिंद का ऑपरेशन ही है। उन्होंने मरीजों को ऑपरेशन पूर्व सावधानियों की जानकारी देते हुए कहा कि ऑपरेशन से 6 से 8 घंटे पहले चेहरे पर किसी प्रकार का मेकअप या क्रीम न लगाएं, आरामदायक कपड़े पहनें और पूर्व निर्धारित दवाएं नियमित रूप से लेते रहें। डॉ. अभिषेक कुशवाहा ने ऑपरेशन उपरांत देखभाल के निर्देश देते हुए बताया कि मरीजों को धूप से बचाव हेतु काला चश्मा पहनना चाहिए एवं रात में आंखों को सुरक्षित रखने हेतु अस्पताल द्वारा प्रदत्त शील्ड का उपयोग अनिवार्य है। संक्रमण से बचने के लिए चिकित्सकीय परामर्श अनुसार दवाइयों का प्रयोग करें तथा टीवी देखने और पढ़ने से कुछ समय तक परहेज करें। साथ ही, आहार में हरी सब्जियां और फलों को शामिल करें।



**कावड़ यात्रा** | **कावड़ यात्रा में शामिल हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, केन्द्रीय राज्यमंत्री**

# छोटा महादेव भोपाली में कावड़िये करेंगे भगवान शिव का अभिषेक

**बैतूल। श्री चमत्कारी बालाजी हनुमान मंदिर समिति खंजनपुर द्वारा आयोजित कांवड़ यात्रा में 300 से अधिक शिवभक्तों ने कावड़ यात्रा निकाली।**

**गाजेबाजे के साथ निकली कावड़ यात्रा**

**जगह-जगह हुआ कावड़ यात्रा का स्वागत**

श्रद्धालु जल लेकर पदयात्रा करते हुए छोटा महादेव भोपाली पहुंचेगे, जहां आज भगवान शिव का जलाभिषेक किया जायेगा। कावड़ यात्रा में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नगर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर सिंह चंदेल, भोला खंडेलवाल, पर्वतराव धोटे भी शामिल हुए। खंजनपुर दुर्गा वार्ड के से शुरू हुई श्री चमत्कारी बालाजी हनुमान मंदिर से शुरू हुई कावड़ यात्रा नागदेव मंदिर, गणेश चौक, शिव मंदिर कोठीबाजार, कमानी गेट होते हुए भोपाली छोटा महादेव के लिए रवाना हुई। कावड़ यात्रा में गुड्डू मिश्रा, पार्षद संतोष भलावी, यशवंत पवार, सुनील नाहारिया सहित शिवभक्त एवं गण्यमान्य गाजे-बाजे के साथ में भोपाली के लिए रवाना हुए।

कावड़ यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। इस दौरान कमानी गेट पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया, जहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पावर, नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बरसाकर और नवीन तातेड़ विशेष रूप से उपस्थित थे। शर्मा फ्यूल प्वाइंट पर भाजपा नेता सुनील शर्मा और राकेश शर्मा रक्कू ने कांवडियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की।



### कावड़ यात्रा निकालकर किया भोलेनाथ का अभिषेक

**मुलताई।** नगर के नेहरू वार्ड में स्थित नागदेव मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस बार भी सावन मास में रविवार को नागदेव मंदिर से कावड़ एवं कलश यात्रा निकाली, जो बाजे गाजे के भगवान भोलेनाथ एवं मन ताप्ती के जयकारे लगाते हुए ताप्ती तट पहुंची। जहां पर यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा मां ताप्ती का पूजन कर कलश में ताप्ती जल भरकर अच्छी बारिश एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि की कमना को लेकर ताप्ती तट स्थित शिवालयो में मां ताप्ती जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। जिसके बाद यात्रा ताप्ती जल लेकर नागदेव मंदिर पहुंची, जहां भर पूजन एवं महाआरती कर भंडारा प्रसादी वितरित की।

# पौधारोपण कर पौधे पालने का लिया संकल्प

**मुलताई। लायंस क्लब ताप्ती नगरी मुलताई द्वारा रविवार को नगर में पौधरोपण कर पौधों का संकल्प लिया। लायंस क्लब द्वारा पूर्व में लगाए गए पौधे आज पेड़ बन चुके है।**

अपने इसी दायित्व को पूरा करने रविवार को लायंस क्लब की नई कार्यकारिणी ने अपने नए दायिर्व की शरुवात वर्ष 2025-26 के लिए पौधारोपण करते हुए लायंस क्लब अध्यक्ष नमन अग्रवाल के गोदाम परिसर से की। क्लब सचिव लायन अभिषेक अग्रवाल ने बताया यह इस वर्ष का प्रथम पौधरोपण है और क्लब द्वारा वर्षभर में कुल 50 पौधे लगाने तथा उन्हें पेड़ बनने तक पालने का संकल्प लिया गया है। क्लब की नीति मात्र संख्या पर नहीं, गुणवत्ता और संरक्षण पर आधारित है।कार्यक्रम में लायन दीपेश बोथरा, राजीव जैन,महेश नायक, हेमंत शर्मा, सुखदेव पांसे, अश्विनी धोटे, प्रकाश खड़के, अध्यक्ष नमन अग्रवाल तथा सचिव अभिषेक अग्रवाल उपस्थित रहे। लाइन नमन अग्रवाल ने बताया क्लब द्वारा पूर्व वर्षों में शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर भी पौधरोपण किया गया है, जिसमे नेहरू वार्ड प्राथमिक शाला, मोक्षधाम परिसर, सरकारी अस्पताल परिसर, नगर पालिका परिषद, सिविल लाइन, स्टेशन रोड माल गोदाम के आसपास का क्षेत्र शामिल है, जहां लगाए पौधों में से लगभग 80त्न पौधे अब हरे-भरे वृक्षों का रूप ले चुके हैं, जो लायंस क्लब की दीर्घकालीन देखभाल और सतत प्रयासों का प्रतीक हैं। लायंस क्लब द्वारा समाजहित में हरित पर्यावरण, सेवा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों में योगदान देता रहा है और आने वाले समय में भी इसी दिशा में कार्य करता रहेगा।

